भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2452

दिनांक 10 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

.....

उत्तर प्रदेश में नदियों का कटाव

2452. श्री नीरज शेखर:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में गंगा नदी के किनारे, विशेषकर बलिया एवं गाज़ीपुर जिलों में हो रहे गंभीर नदी कटाव से अवगत है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले पाँच वर्षों के दौरान उक्त जिलों में कटाव रोधी और नदी तट संरक्षण कार्यों के लिए संस्वीकृत धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री
(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (ग): उत्तर प्रदेश में गंगा नदी, जिसमें बलिया और गाजीपुर जिले भी शामिल हैं, विभिन्न स्तरों पर नदी कटाव की समस्या का सामना कर रही है।

बाढ़ प्रबंधन और कटाव-रोधी योजनाओं का नियोजन, उन्हें तैयार करना और उनका क्रियान्वयन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। भारत सरकार तकनीकी मार्गदर्शन और केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना अर्थात बाढ़ नियंत्रण एवं सीमा क्षेत्र कार्यक्रम' (एफएमबीएपी) के माध्यम से प्रोत्साहनात्मक वित्तीय सहायता प्रदान कर इनके प्रयासों को समर्थन करती है। एफएमबीएपी के अंतर्गत बलिया और गाजीपुर जिलों के लिए किसी भी बाढ़ प्रबंधन परियोजना हेतु कोई धनराशि अनुमोदित नहीं की गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचना दी है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य क्षेत्रीय कार्यक्रमों के अंतर्गत, बलिया जिले में 26 कटाव-रोधी और नदी संरक्षण के कार्यों के लिए 166.47 करोड़ रुपये और गाज़ीपुर जिले में 35 कटाव-रोधी कार्यों के लिए 182.88 करोड़ रुपये को अनुमोदित और निष्पादित किए गए हैं।

*****